email:aayukt.ele@gmail.com ☎: 0151-2226551

कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

website:www.education.rajasthan.gov.in/elementary

क्रमांक:– शिविरा/प्रार/शिप्र/4523/2018/वो–1/19144 दिनांक– 07/02/2020

समस्त प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डाईट्स)।

विषय :– सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा शुल्क के संबंध में।

प्रसंग :– शासन के आदेश क्रमांक प.7(5)प्राशि/आयो/2015 जयपुर, दिनांक 21.06.2017, क्रमांक प. 7(14) प्राशि/आयो/2018 जयपुर, दिनांक 01.03.19 एवं क्रमांक प.7(14) प्राशि/आयो/2018 जयपुर, दिनांक 10.12.19 के क्रम में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रासंगिक पत्रों के क्रम में लेख है कि प्रत्येक जिले की डाईट्स के द्वारा जिले की गैर सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं को अकादमिक कार्यो में सम्बलन हेतु डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2017–18 से प्रति विद्यार्थी से प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में 16250/– रू. वार्षिक शुल्क के साथ–साथ 250/– रू. अतिरिक्त अकादमिक सम्बलन राशि ली जाएगी। इस प्रकार कुल राशि 16500/– रू. वार्षिक शुल्क प्रत्येक विद्यार्थी से लिया जाएगा। प्रथम वर्ष के विद्यार्थीयों से यह राशि समन्वयक, बीएसटीसी/डीएलएड (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा ली जाकर अकादमिक सम्बलन राशि को समान रूप से विभाजित कर राज्य में संचालित समस्त 33 डाईट्स के डीडीएमसी के निधि कोष के बैंक खातों में राशि जमा/हस्तान्तरित की जाएगी। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों से संबंधित शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अकादमिक सम्बलन राशि ली जाकर जिले में संचालित डाईट्स के डीडीएमसी कोष में जमा/हस्तान्तरित करवाई जाएगी।

अतः आप सभी को पाबंद किया जाता है कि राज्य सरकार के आदेश दिनांक 21.06.17, 01.03.19 एवं 10.12.19 के क्रम में जारी दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करवायें। किसी भी विपरित परिस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

संलग्न:– उपरोक्तानुसार

(अशोक सांगवा)
RAS
अतिरिक्त निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

CELEBRATING THE MAHATMA

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

01. शासन उप सचिव, प्रारम्भिक शिक्षा (आयोजना) विभाग, राजस्थान सरकार, सचिवालय, जयपुर।
02. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर।
03. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (SIEMAT) गोनेर, जयपुर।
04. राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर ।
05. पंजीयक एवं समन्वयक, सेवापूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El.Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (Pre. D.El.Ed. Examination) 2019 व शिक्षा विभागीय परीक्षाऐं, बीकानेर।
06. रक्षित पत्रावली।

क्रमांक!1951 Date: 26-02-2020

(अशोक सांगवा)
RAS
अतिरिक्त निदेशक
प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

⇒ उक्त राशि प्रत्येक विद्यार्थी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष से एकत्रित कर चैक द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चूनावढ़ में दिनांक 27.03.2020 तक भिजवावे।

26/2/20
प्रधानाचार्य
डाइट, चूनावढ़

Scanned by CamScanner